जालोर में नकली घी बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़, मिल्क डेयरी की आड़ में चल रहा था कारोबार

Rajasthan News: जालोर जिले के सांचौर कस्बे में पुलिस ने मिलावटी और नकली घी बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है. पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर 625 पैकेट घी और पिकअप वाहन जब्त किया. नकली घी की बाजार में बिक्री नामी ब्रांड से हो रही थी.

पुलिस को सूचना मिली थी कि सिदेश्वर स्थित मोमाई मिल्क डेयरी में नकली घी बनाया जा रहा है. सूचना पर पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद्र यादव ने छापेमार टीम का गठन किया. सांचौर थानाधिकारी देवेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम ने फैक्ट्री पर छापा मारा.

Source: https://www.abplive.com/states/rajasthan/jalore-fake-ghee-manufacturing-factory-busted-4-arrested-ann-2879645